प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 29.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.......................

- राजस्थान विधानसभा का सत्र 31 जनवरी से–आज सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है।
- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने लोगों से वर्षा जल संग्रहण और संरक्षण कार्यों में सरकार के 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान से जुडने की अपील की।
- इसरो ने आज आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से दूसरी पीढ़ी के नेविगेशन सेटैलाइट एन.वी.एस. –2 का सफल प्रक्षेपण किया।
- मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में अमृत स्नान के लिये श्रद्धालुओं की भीड उमडी–प्रदेश में भी नदियों और सरोवरों पर धार्मिक आयोजन।

.......................

राजस्थान विधानसभा के सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। यह सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि बैठक में सत्र के सुचारू संचालन के लिए सभी दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा की जाएगी। श्री देवनानी कहा कि विधानसभा के इस सत्र को चालीस दिन चलाये जाने का लक्ष्य तय किया गया है। यह सत्र कागज रहित और कागज सहित दोनों तरह से चलाया जाएगा। इसके लिए सदस्यों को पेपरलैस प्रकिया का प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अलावा वन–नेशन–वन एप्लीकेशन के तहत नेवा के अधिकारी सदन में भी सदस्यों को ऑनलाईन प्रक्रिया में मदद करेंगे। उन्होंने बताया कि 16वीं विधानसभा में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों को दस हजार से ज्यादा प्रश्न भिजवाये गये थे इनमें से 1 हजार 246 प्रश्नों के जवाब आने शेष है। विधानसभा अध्यक्ष ने सत्र के दौरान मीडिया से सकारात्मक बने रहने का आग्रह किया है।
उधर केन्द्र सरकार ने संसद के बजट अधिवेशन से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बजट अधिवेशन शुक्रवार से शुरू होगा। 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन संसद में वित्त वर्ष 2025–26 के लिए केन्द्रीय बजट प्रस्तुत करेंगी। इस बीच विशेषज्ञों और आम लोगों को आशा है कि केन्द्रीय बजट में इस बार सरकार विकास, रोजगार सृजन और वित्तीय प्रबंधन पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगी। शिक्षा में कई नवाचार करने वाले जालौर जिले के रेवत गांव में सरकारी स्कूल के शिक्षक संदीप शर्मा ने आकाशवाणी समाचार जयपुर से बातचीत में उम्मीद जताई कि आगामी बजट में पर्यावरण और जल संरक्षण को भी विशेष महत्व दिया जायेगा।

.......................

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा है कि पानी की कमी विकास के सामने एक बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से निपटने के लिए वर्षा जल संग्रहण और संरक्षण कार्यों में सभी को सरकार के 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान से जुड़कर सहयोग करने की आवश्यकता है। श्री पाटिल कल बीकानेर में उद्यमियों और व्यापारियों से संवाद कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने व्यापारियों और उद्यमियों से अभियान से जुडने की अपील की ताकि अन्य लोगों को इससे प्रेरणा मिल सके। जल जीवन मिशन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मिशन के तहत देशभर के 15 करोड़ घरों में पेयजल उपलब्ध कराया गया है।

.......................

राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कल से जागरूकता पखवाडे की शुरूआत होगी। 13 फरवरी तक चलने वाले इस पखवाडे के तहत लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी जाएगी।

साथ ही इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के प्रयास किये जाएगें। इसी कड़ी में कल हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर कानाराम ने लोगों को जागरूकता संदेश दिया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि पखवाड़े के तहत जिले में कुष्ठ रोग के मामलों को चिन्हित किया जाएगा। साथ ही कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्ति और उनके परिवार के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

.......................

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने आज आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से दूसरी पीढ़ी के नेविगेशन सेटैलाइट एन.वी.एस.–2 का सफल प्रक्षेपण किया। इसे सुबह छह बजकर 23 मिनट पर जी. एस.एल.वी.–एफ–15 प्रक्षेपण यान से छोड़ा गया। सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से यह इसरो का सौंवा ऐतिहासिक प्रक्षेपण है।

.......................

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत प्रदेशभर में विभिन्न माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए लगातार समझाइश, वाहन रैली, शपथ कार्यक्रम और नुक्कड नाटकों सहित अन्य गतिविधियों के जरिये यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी में श्रीगंगानगर में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया। दौसा में पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने दुपहिया वाहन चालकों को हैलमेट भी वितरित किये। उन्होंने फूल देकर लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की।

.......................

**और अब महाकुम्भ से जुड़ी खबरें–**

.....

प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर महाकुंभ का दूसरा अमृत स्नान चल रहा है। मौनी अमावस्या का धार्मिक दृष्टि से विशिष्ट महत्व है और इस दिवस पर अमृत स्नान अत्यंत पावन माना जाता है। देश विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस अवसर पर त्रिवेणी में डुबकी लगा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए सात स्तरीय सुरक्षा प्रबंध किये हैं और मेला क्षेत्र को वाहन रहित और वीआईपी रहित क्षेत्र घोषित किया है। मेला क्षेत्र में राज्य और केन्द्रीय पुलिस बल, यातायात पुलिस और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम श्रद्धालुओं की मदद के लिए चौबीसों घंटे तैनात है। प्रदेश से महाकुंभ जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिये रेल्वे और रोडवेज ने विशेष व्यवस्था की है। कल डीग जिले से विशेष रेलगाडी चलाई गई। डीग के लोगों में इसे लेकर खासा उत्साह नजर आया कि अब वे डीग से सीधे प्रयागराज की यात्रा कर सकेंगे।

.......................

मौनी अमावस्या पर प्रदेश के सभी सरोवरों और नदियों में लोग पवित्र डुबकी लगा रहे है। इसके साथ ही स्नान, दान और तर्पण किया जा रहा है। राजधानी जयपुर में गोविंद देवजी मंदिर ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं को कुंभ का जल वितरित किया गया।

.......................

बांसवाडा में कल से माही महोत्सव शुरू हुआ। शोभायात्रा के साथ महोत्सव की शुरूआत हुई। चार दिन चलने वाले इस उत्सव में आदिवासी संस्कृति से जुड़े कई कार्यक्रम हो रहे हैं। महोत्सव के तहत कल सुबह ध्यान योग शिविर लगाया गया इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लेकर ध्यान योग क्रियाओं का अभ्यास किया। कल रात कुशलबाग मैदान में लेजर शो आयोजित किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि महोत्सव में आज शाम को महिला मास्टर शेफ प्रतियोगिता और महिला समितियों द्वारा नृत्य का आयोजन किया जायेगा।

.....

.......................